Seat No. : ______________

# NA-101(H)

**November-2025**

**B.Com., Sem.-V**

**CE-301 : Cost & Financial Account**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

1. K लिमिटेड उत्पाद X का उत्पादन करती है जो पूर्ण होने तथा तैयार स्टॉक में भेजने से पूर्व दो प्रक्रियाओं से गुजरता है । निम्न डेटा अप्रैल, 2025 से सम्बन्धित है : **14**

| **विवरण** | **प्रक्रिया-1** (₹) | **प्रक्रिया-2** (₹) | **तैयार स्टॉक** (₹) |
|---|---|---|---|
| आरम्भिक स्टॉक | 7,500 | 9,000 | 22,500 |
| प्रत्यक्ष माल–सामान | 15,000 | 15,750 | – |
| प्रत्यक्ष वेतन | 11,200 | 11,250 | – |
| कारखाना उपरिव्यय | 10,500 | 4,500 | – |
| अन्तिम स्टॉक | 3,700 | 4,500 | 11,250 |
| आरम्भिक स्टॉक में शामिल आंतर–प्रक्रिया लाभ | – | 1,500 | 8,250 |

प्रक्रिया 1 का उत्पादन अन्तरण कीमत पर 25% लाभ पर प्रक्रिया 2 में अन्तरित किया जाता है ।

प्रक्रिया 2 का उत्पादन अन्तरण कीमत पर 20% लाभ पर तैयार स्टॉक में अन्तरित किया जाता है ।

प्रक्रिया में रहे स्टॉक के मूल्य प्राथमिक लागत पर निर्धारित किए जाते हैं । तैयार स्टॉक का मूल्य प्रक्रिया 2 से प्राप्त कीमत पर निर्धारित किया जाता है । इस अवधि के दौरान विक्रय ₹ 1,40,000 है ।

**तैयार कीजिए :** (1) प्रक्रिया खाता

(2) तैयार स्टॉक खाता

(3) कुल लाभ तथा अप्राप्त लाभ को दर्शाता पत्रक

**अथवा**

1. प्रक्रिया 2 के उत्पादन से सम्बन्धित निम्न जानकारी उपलब्ध है : **14**

(1) आरम्भिक स्टॉक 800 इकाइयाँ ₹ 5,520

(2) प्रक्रिया 1 से अन्तरित, 5,100 इकाइयाँ ₹ 10,200

(3) प्रक्रिया 3 को अन्तरित, 4,600 इकाइयाँ

(4) प्रक्रिया 2 के खर्चे :

| | |
|---|---|
| प्रत्यक्ष माल–सामान | ₹ 4,480 |
| प्रत्यक्ष मजदूरी | ₹ 13,140 |
| उपरिव्यय | ₹ 17,520 |

(5) भंगार इकाइयाँ : 400 इकाइयाँ

(6) अन्तिम स्टॉक : 900 इकाइयाँ

(7) सामान्य नुकसान उत्पादन का 10% और भंगार कीमत ₹ 2 प्रति इकाई है ।

(8) पूर्णता की कोटि :

| विवरण | आरम्भिक स्टॉक | असामान्य नुकसान | अन्तिम स्टॉक |
|---|---|---|---|
| माल–सामान | 70% | 100% | 60% |
| मजदूरी | 60% | 70% | 40% |
| उपरिव्यय | 60% | 70% | 40% |

FIFO पद्धति का प्रयोग करके समकक्ष उत्पादन का पत्रक, मूल्यांकन का पत्रक और प्रक्रिया 2 का खाता तैयार कीजिए ।

2. देव मैन्युफेक्चरिंग कम्पनी लिमिटेड का उत्पादन तैयार स्टॉक में ले जाने से पूर्व तीन प्रक्रियाओं से गुजरता है । निम्न जानकारियाँ प्राप्त हुई हैं : **14**

| विवरण | प्रक्रिया-1 | प्रक्रिया-2 | प्रक्रिया-3 |
|---|---|---|---|
| प्रवेशित कच्चा माल–सामान (₹ 0.60 प्रति इकाई) (₹) | 6,000 | – | – |
| प्रत्यक्ष माल–सामान (₹) | 8,500 | 9,500 | 5,500 |
| प्रत्यक्ष मजदूरी (₹) | 4,000 | 6,000 | 12,000 |
| प्रत्यक्ष खर्च (₹) | 1,200 | 930 | 1,340 |
| सामान्य नुकसान (निवेश का प्रतिशत) | 10% | 5% | 10% |
| अपव्यय का बिक्री मूल्य (₹ प्रति इकाई) | 0.20 | 0.50 | 1.00 |
| वास्तविक उत्पादन इकाइयाँ | 9,200 | 8,700 | 7,900 |

उत्पादन उपरिव्यय ₹ 16,500 थे, जो प्रत्यक्ष मजदूरी के प्रतिशत के रूप में समाविष्ट हैं । उपरोक्त जानकारी से आपको प्रक्रिया खाते और असामान्य अपव्यय अथवा लाभ खाते तैयार करने हैं ।

**अथवा**

2. (A) संयुक्त उत्पाद और उप–उत्पाद पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । **7**

2. (B) सामान्य नुकसान और असामान्य नुकसान पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । **7**

3. A लिमिटेड और B लिमिटेड का संयोजन 1-4-2025 को हुआ था । वर्तमान कम्पनियों का व्यवसाय लेने के लिए एक नई कम्पनी C लिमिटेड की रचना की गई । 31-3-2025 को दोनों कम्पनियों की बैलेन्स शीट निम्न हैं : **14**

| विवरण | नोट | A लिमिटेड (₹) | B लिमिटेड (₹) |
|---|---|---|---|
| **I. इक्विटी एवं देयताएँ** | | | |
| (1) शेयरधारकों की निधि | | | |
| (a) शेयर पूँजी : | | | |
| इक्विटी शेयर पूँजी ₹ 100 प्रत्येक पूर्ण प्रदत्त | | 12,50,000 | 10,00,000 |
| (b) अनामत एवं आधिक्य : | | | |
| सामान्य अनामत | | 2,50,000 | 2,25,000 |
| पुनर्मूल्यांकन अनामत | | 1,00,000 | 50,000 |
| निवेश घटबढ़ अनामत | | 40,000 | 10,000 |
| लाभ–हानि खाता | | 50,000 | 75,000 |
| (2) गैर–चालू देयताएँ : | | | |
| (a) दीर्घकालीन ऋण : | | | |
| 15% डिबेन्चर | | 2,00,000 | 1,00,000 |
| (3) चालू देयताएँ : | | | |
| (a) व्यापारिक देय : लेनदार | | 1,10,000 | 40,000 |
| **कुल** | | **20,00,000** | **15,00,000** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **II. परिसम्पत्तियाँ:** | | | |
| (1) गैर–चालू परिसम्पत्तियाँ : | | | |
| (a) स्थायी परिसम्पत्तियाँ | | 15,00,000 | 10,50,000 |
| (2) चालू परिसम्पत्तियाँ | | 5,00,000 | 4,50,000 |
| **कुल** | | **20,00,000** | **15,00,000** |

अतिरिक्त जानकारी :

(1) A लिमिटेड और B लिमिटेड के 15% डिबेन्चर धारकों को C लिमिटेड द्वारा उसके 10% डिबेन्चर से ₹ 100 प्रत्येक के उतनी ही रकम के डिबेन्चर जारी किए गए हैं ताकि ब्याज की समान रकम बनी रहे ।

(2) C लिमिटेड, A लिमिटेड और B लिमिटेड के प्रत्येक इक्विटी शेयर के लिए 4 इक्विटी शेयर जारी करेगी । शेयर ₹ 30 प्रत्येक के भाव से जारी किए जाने हैं और प्रत्येक इक्विटी शेयर का दार्शनिक मूल्य ₹ 10 है ।

(3) निवेश घटबढ़ अनामत 2 और वर्षों के लिए बनाए रखना है ।

यह मानते हुए कि संयोजन निम्न दो स्वरूपों में है, ता. 1-4-2025 को C लिमिटेड की बैलेन्स शीट तैयार कीजिए :

संयोजन खरीद के स्वरूप में है या संयोजन विलीनीकरण (विलय) के स्वरूप में है ।

**अथवा**

3. कम्पनियों का संयोजन क्या है ? संयोजन के हेतुओं की चर्चा कीजिए । **14**

4. ता. 31-3-2021 को R लिमिटेड और A लिमिटेड की बैलेन्स शीट निम्नानुसार हैं : **14**

| विवरण | नोट | R लिमिटेड (₹) | A लिमिटेड (₹) |
|---|---|---|---|
| **I. इक्विटी एवं देयताएँ** | | | |
| (1) शेयरधारकों की निधि : | | | |
| (a) शेयर पूँजी : इक्विटी शेयर पूँजी ₹ 100 प्रत्येक पूर्ण प्रदत्त | | 7,00,000 | – |
| इक्विटी शेयर पूँजी ₹ 100 प्रत्येक के ₹ 50 प्रदत्त | | – | 5,00,000 |
| (b) अनामत एवं आधिक्य : | | | |
| सामान्य अनामत | | 90,000 | 1,00,000 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (2) गैर–चालू देयताएँ : | | | |
| (a) दीर्घकालीन ऋण : | | | |
| 12% डिबेन्चर | | 3,00,000 | 2,00,000 |
| (3) चालू देयताएँ : | | | |
| (a) व्यापारिक देय : | | | |
| लेनदार | | 2,50,000 | 1,00,000 |
| देय विपत्र | | 60,000 | 48,000 |
| **कुल** | | **14,00,000** | **9,48,000** |
| **II. परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| (1) गैर–चालू परिसम्पत्तियाँ : | | | |
| (a) स्थायी परिसम्पत्तियाँ : मूर्त परिसम्पत्तियाँ | | 9,60,000 | 5,50,000 |
| (b) गैर–चालू निवेश : | | | |
| (बाजार कीमत ₹ 1,50,000) | | – | 1,10,000 |
| (c) अन्य गैर–चालू परिसम्पत्तियाँ : | | | |
| प्राथमिक खर्चे | | 50,000 | 28,000 |
| (2) चालू परिसम्पत्तियाँ | | 3,90,000 | 2,60,000 |
| **कुल** | | **14,00,000** | **9,48,000** |

ता. 1-4-2021 को R लिमिटेड A लिमिटेड को निम्न शर्तों पर समाविष्ट करने को सहमत हुई :

(1) R लिमिटेड की बहियों में दर्शाई स्थायी परिसम्पत्तियाँ बाजार मूल्य से 20% कम हैं जबकि A लिमिटेड की चालू परिसम्पत्तियों में ₹ 92,000 का स्टॉक शामिल है जो 15% से अधिमूल्यांकित है ।

(2) खरीद प्रतिफल के लिए A लिमिटेड के 10 इक्विटी शेयर के बदले R लिमिटेड के पूर्ण प्रदत्त 4 इक्विटी शेयर उनके शेयरों की आंतरिक कीमत के आधार पर दिए जाने थे और बाकी रकम नकद में चुकानी थी ।

A लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक खाते तैयार कीजिए और R लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक प्रविष्टियाँ पारित कीजिए ।

**अथवा**

4. कम्पनियों का समावेश क्या है ? समावेश के हेतुओं की चर्चा कीजिए । **14**

5. सही विकल्प चुनिए : (कोई **सात**) **14**

(1) कौन सी वस्तु प्रक्रिया खाते में दर्ज नहीं की जाती है ?

(A) दान (B) वेतन

(C) मजदूरी (D) माल–सामान

(2) अन्तिम उत्पाद की प्रति इकाई लागत असामान्य नुकसान अथवा लाभ की प्रति इकाई रकम के बराबर होगी ।

(A) सत्य (B) अपूर्ण

(C) असत्य (D) कह नहीं सकते ।

(3) निम्न में से कौन सी वस्तु प्रक्रिया लेखांकन में संगत नहीं है ?

(A) वृद्धि (B) उप–उत्पाद

(C) आंतर–प्रक्रिया पद्धति (D) असामान्य वृद्धि

(4) प्रक्रिया लेखा पद्धति में समकक्ष उत्पादन में माल–सामान की प्रति इकाई लागत ज्ञात करने के लिए कौन सा पत्रक तैयार किया जाना होता है ?

(A) लागत पत्रक (B) मूल्यांकन पत्रक

(C) प्रक्रिया खाता (D) समकक्ष उत्पादन पत्रक

(5) निवल परिसम्पत्ति – पूँजी अनामत = __________ है ।

(A) खरीद कीमत (B) कुल परिसम्पत्तियाँ

(C) ख्याति (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

(6) खरीद कीमत की गणना करते समय परिसम्पत्ति का _____ मूल्य ध्यान में लेना होता है ।

(A) पुस्तक मूल्य (B) पूँजी मूल्य

(C) औसत कीमत (D) पूनर्मूल्यांकित कीमत

(7) दोनों पुरानी कम्पनियाँ _________ में अस्तित्व में नहीं रहेंगी ।

(A) आंतरिक पुनर्निर्माण (B) समावेश

(C) बाह्य पुनर्निर्माण (D) संयोजन

(8) जब समापन खर्च विक्रेता कम्पनी द्वारा चुकाए और वहन किए जाते हैं, तब यह _________ में डेबिट किए जाते हैं ।

(A) बैंक खाता (B) पूँजी अनामत खाता

(C) ख्याति खाता (D) वसूली खाता

(9) नई कम्पनी से प्राप्त शेयर दर्ज किए जाते हैं –

(A) मूल कीमत पर (B) आंतरिक कीमत पर

(C) औसत कीमत पर (D) बाजार कीमत पर

(10) जब कम्पनी अन्य कम्पनी का व्यवसाय खरीदती है, तो _______ अस्तित्व में आता है ।

(A) आंतरिक पुनर्निर्माण (B) संयोजन

(C) बाह्य पुनर्निर्माण (D) समावेश